(54) आई० टी० मैनेजर

बिहार सरकार
पथ निर्माण विभाग
कार्यालय आदेश – 81

पत्रांक :–प्र०–7/नियम–01–02/2026 **/पटना, दिनांक** 1/4/2026

विभागीय कार्यालय आदेश संख्या–141–सह–पठित ज्ञापांक–5355(एस), दिनांक 28.10.21 द्वारा निविदा में निर्धारित परिवाद अवधि में परिवाद/ आपत्ति प्राप्त होने पर इसके निस्तारण हेतु कार्यालय आदेश सं0–79–सह–पठित ज्ञापांक–3870 दिनांक–02.06.2016 द्वारा प्रक्रिया पूर्व में स्थापित है। इसके तहत ₹3.5 करोड़ से अधिक लागत की निविदाओं में प्राप्त परिवादों में मुख्य अभियंता की अध्यक्षता में गठित तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति समीक्षा कर अनुशंसा प्रतिवेदन विभागीय निविदा समिति के अनुमोदन हेतु समर्पित करती है। वर्त्तमान में निविदाओं में परिवादों की संख्या में अप्रत्याशित वृद्धि हुई है। इस आलोक में ₹3.5 करोड़ से अधिक लागत की निविदाओं में प्राप्त परिवादों का मुख्यालय स्तर पर निस्तारण हेतु निम्न समिति का गठन किया जाता है :–

(1)	अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव (कार्य प्रबंधन)/ अभियंता प्रमुख (कार्य प्रबंधन)	–	अध्यक्ष
(2)	अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव (मुख्यालय)/ अभियंता प्रमुख (मुख्यालय)	–	विशेष आमंत्रित सदस्य
(3)	मुख्य अभियंता (संविदा प्रबंधन, नीतिगत मामले एवं लेखा परीक्षा)	–	सदस्य
(4)	संबंधित मुख्य अभियंता	–	सदस्य

उक्त समिति प्राप्त परिवादों पर मुख्य अभियंता की अध्यक्षता में गठित तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा समर्पित प्रतिवेदन की समीक्षा कर अपनी अनुशंसा विभागीय निविदा समिति के अनुमोदन हेतु समर्पित करेगी।

पूर्व में निर्गत संबंधित सभी विभागीय पत्रों को इस हद तक संशोधित समझा जाय।

प्रस्ताव पर सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।

ह०/–
अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह
–विशेष सचिव (कार्य प्रबंधन)

ज्ञापांक :– प्र०–7/नियम–01–02/2026 /पटना, दिनांक................
प्रतिलिपिः–सभी मुख्य अभियंता, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना/सभी अधीक्षण अभियंता, पथ निर्माण विभाग एवं सभी कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह०/–
अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह
–विशेष सचिव (कार्य प्रबंधन)

ज्ञापांक :– प्र०–7/नियम–01–02/2026 /पटना, दिनांक................
प्रतिलिपिः–सचिव के आप्त सचिव, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

ह०/–
अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह
–विशेष सचिव (कार्य प्रबंधन)
(कृ0प0उ0)

ज्ञापांक :– प्र०–7 / नियम–01–02 / 2026 2217(E) **/ पटना, दिनांक** 1/4/2026

प्रतिलिपिः–IT Manager, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

01/04/26

अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह
–विशेष सचिव (कार्य प्रबंधन)